सीएसआईआर – केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
CSIR - CENTRAL ROAD RESEARCH INSTITUTE
DELHI- MATHURA ROAD
DELHI -110 025

No. 1/663/2015-PL **Dated : 07/07/2017**

NOTICE

A tentative list of all such eligible candidates for the typing test, whose willingness certificate ,complete in all respects, were received within the stipulated date, was notified vide CRRI notice dated 23/05/2017. Candidates may further note the following information :-

1. The list of the eligible candidates for typing test which was notified vide Notice dated 23/05/17 is final . Some candidate(s) who had represented against the said list have been duly replied separately /individually, with the reasons for rejection.
2. Candidates are further informed that the typing test **will be only of qualifying nature and will be held only on computer.** Thereafter the Written test will be conducted (after a notification on the official website of CRRI is issued in this regard) from amongst those who qualify the typing test. Computer will be provided at the Examination Centre/venue of typing test by CSIR-CRRI or by the agency authorized by CSIR-CRRI to conduct such typing test at the Centre/Venue so notified . The venue shall be notified shortly and the e-admit cards shall be available soon on the CRRI official website to be downloaded by the candidate. The candidates are requested to keep checking the CRRI website for latest updates in this regard and also keep handy two passport size photographs (i.e. identical photograph which has been furnished by him/her alongwith the willingness certificate) .
3. Typing test in English /Hindi will be evaluated as per instructions contained in CSIR letters no 7-4(3)/2006-R&A dated 12/03/2007, 5-1(116)/2011-PD dated 23.04.2014 and 13/07/2015, available on the website viz., www.onecsir.res.in .
4. The medium of typing test will be the same as declared by the candidate in his Willingness Certificate as submitted to CSIR-CRRI in this regard and will not be changed under any circumstances. **No request in this regard will be entertained.**
5. The speed will be adjudged on the accuracy of typing on Computer of a given text passage in 10 minutes. Visually Handicapped candidates (with 40% disability and above) will be allowed 30 minutes. **Only those candidates with visual disability of 40% or more would be considered as VISUALLY HANDICAPPED (VH) for availing reservation for VH.**

6. Passage dictators will be provided to each of the Visually Handicapped (VH) candidates by CSIR- CRRI for the Typing test. The Passage Dictators will read out the passage to the VH candidates within the allotted time period.
7. Candidates who have opted for English as a medium of typing test should have typing speed of 35 words per minute and those who have opted for Hindi as a medium of typing test should have typing speed of 30 words per minute. 35 words per minute and 30 words per minute (wpm) correspond to 10500 key depressions per hour/9000 key depressions per hour (KDPH) respectively.

8. A candidate who claims to be permanently unfit to take the typewriting test because of a physical disability may, with the prior approval of the Competent Authority of CSIR-CRRI, may be exempted from the requirement of appearing and qualifying at such test, provided such a candidate submits a Certificate in the prescribed format to the CRRI from the competent Medical authority declaring him/her to be permanently unfit for the Typewriting Test because of a physical disability alongwith a request to Director CRRI ,in the format enclosed as **ANNEXURE -1**, for seeking exemption for typing test .
9. If a candidate who submits a medical certificate from the Medical Board attached to Vocational Rehabilitation Centre(VRC) for PH persons or from the Medical Board attached to Special Employment Exchange for PH persons, **his/her claim for exemption from typewriting test would be accepted.** However, if, she/he submits Medical Certificate from Civil/Orthopaedic Surgeon, his/her case would be referred to a Medical Board in a Government Hospital or Medical Board attached to VRC/Special Employment Exchange for PH persons for clearance and his/her candidature will be PURELY PROVISIONAL and will be liable to be cancelled at any stage of recruitment or even after selection.
10. Candidates seeking exemption from Typing test on medical grounds must ensure that their appropriate Medical Certificate alongwith the request (format at **ANNEXURE-1)** should reach CSIR-CRRI **on or before 14th July 2017** otherwise their claim for seeking exemption from Typing Test will not be entertained by the CSIR-CRRI and they will have to appear & qualify in the typing test. CSIR-CRRI will not entertain any applications received after the stipulated date for any reason whatsoever (such as envelopes wrongly addressed, delivered elsewhere, postal delay etc) in this regard.
11. It is reiterated that the fact whether some of the applications have been received **THROUGH PROPER CHANNEL** or not has not yet been verified, at this stage by CSIR-CRRI, and therefore all such eligible candidates who are working in Govt deptts/PSU's /Autonomous bodies are being allowed to appear for typing test **PROVISIONALLY** subject to the condition that their application should have been forwarded through proper channel , which will be verified later on by this office before declaration of the final result. If it is found at any later stage, even after selection , the application of such a candidate has not been received by this office ,through proper channel, within the prescribed date, as per the Advt dated 07/09/15 ,the candidate will stand disqualified for the post . Further, the candidature of all eligible candidates is purely provisional and subject to verification of authenticity of all the certificates/information furnished by them alongwith their application form, on production of the Original certificates of the said documents/information.

SENIOR CONTROLLER OF ADMINISTRATION

ANNEXURE -1

To

The Director ,
Central Road Research Institute (CSIR-CRRI)
Delhi Mathura Road , Delhi
PO CRRI ,New Delhi 110 025

SUBJECT : REQUEST FOR SEEKING EXEMPTION FROM TYPING TEST TO BE HELD BY CSIR-CRRI FOR THE POST OF ASSISTANT GRADE III(GEN/S&P/F&A) --REG

Sir ,

With reference to the notice dated ....of CSIR-CRRI,I , Shri /Km/Smt...Son/daughter/wife of Sh...hereby request you to kindly exempt me from appearing for the typing test to be held by CSIR-CRRI for the post of Assistant Grade III(Gen/S&P/F&A) advertised vide CRRI Advertisement dated 07/09/15 . The relevant medical certificate from the medical authority is enclosed for your kind reference .

Yours faithfully ,

(Signature of the applicant)
APPLICATION NUMBER :
Full Address :

Father /Husband's Name :

Dated :

सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
दिल्ली-मथुरा रोड
नयी दिल्ली -110025

सं. 1/663/2015-पीएल **दिनांक 07/07/2017**

<u>अधिसूचना</u>

टाइपिंग टेस्ट के लिए सभी योग्य उम्मीदवारों की एक अस्थायी सूची, जिनके सभी मामलों में सहमति प्रमाण पत्र पूर्ण हैं एवं निर्धारित तारीख के भीतर प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें सीआरआरआई नोटिस दिनांकित 23/05/2017 के माध्यम से सूचित किया गया था। उम्मीदवार कृपया निम्नलिखित जानकारी आगे के लिए नोट कर लें :

1. टाइपिंग टेस्ट के लिए 23/05/17 के नोटिस द्वारा अधिसूचित योग्य उम्मीदवारों की सूची अंतिम है। कुछ उम्मीदवारों के द्वारा सूची के विरुद्ध प्रस्तुत आवेदन का विधिवत अलग से जवाब दे दिया गया है जिसमे कि उनकी ना-ऊमीदवारी के कारण उनको बता दिये गए है/हैं।

2. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता हैकि **<u>टाइपिंग टेस्ट केवल योग्यता(क्वालिफाईंग) प्रकृति का है एवं केवल कंप्यूटर पर ही आयोजित किया जाएगा।</u>** इसके बाद टाइपिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी (इससे संबंधित सूचना अधिसूचना के बाद सीआरआरआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी) । सीएसआईआर-सीआरआरआई के द्वारा टाइपिंग टेस्ट के लिए परीक्षा केन्द्र/स्थल पर या सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा अधिकृत एजेंसी के द्वारा कंप्यूटर उपलब्ध कराये जाएँगे जैसाकि अधिसूचित किया जाएगा । स्थान को शीघ्र ही अधिसूचित किया जाएगा और ई प्रवेश पत्र जल्द ही सीआरआरआई आधिकारिक वेबसाइट पर उम्मीदवारों के द्वारा डाउनलोड किये जा सकेंगे । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में नवीनतम अपडेट के लिए सीआरआरआई वेबसाइट की नियमित जांच करते रहें और दो पासपोर्ट साइज फोटो रखें (वही फोटो जो उम्मीदवार ने सहमति प्रमाण पत्र के साथ दी है)।

3. अंग्रेजी/हिंदी में टाइपिंग परीक्षा का मूल्यांकन सीएसआईआर पत्रों 7-4 (3)/2006-आरएंडए दिनांक 12/03/2007, 5-1(116)/ 2011-पीडी दिनांक 23.04. 2014 और 13/07/2015 में निहित निर्देशों के अनुसार किया जाएगा, जोकि वेबसाइट www.onecsir.res.in पर उपलब्ध है ।

4. टाइपिंग टेस्ट का माध्यम वही होगा जोकि उम्मीदवार द्वारा अपने सहमति प्रमाणपत्र में घोषित किया गया है जैसा कि इस संबंध में सीएसआईआर-सीआरआरआई को प्रस्तुत किया गया है और वह किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा। **इस संबंध में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

5. कंप्यूटर पर टाईपिंग की गति की शुद्धता(accuracy)का निर्धारण दिए गए टेक्स्ट पैसेज को 10 मिनट में पूर्ण करने के आधार पर किया जाएगा। दृश्यता विकलांग उम्मीदवारों (40% विकलांगता और ऊपर) को 30 मिनट प्रदान किए जाएंगे । **<u>VH के आरक्षण का लाभ उठाने के लिए केवल 40% या अधिक की दृश्य विकलांगता वाले उम्मीदवारों को दृश्यता विकलांग (VISUALLY HANDICAPPED)(वीएच) के रूप में माना जाएगा) ।</u>**

6. टाइपिंग टेस्ट के लिए सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा प्रत्येक दृश्यता विकलांग (वीएच) उम्मीदवारों को पैसेज डिक्टेटर उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर पैसेज डिक्टेटर, वीएच उम्मीदवार को अनुच्छेद पढ़कर सुनाएगा ।

7. उम्मीदवार जिन्होंने अंग्रेजी को टाइपिंग टेस्ट के माध्यम के रूप में चुना है, उन्हें 35 शब्द प्रति मिनट और जिन्होने हिंदी को टाइपिंग टेस्ट के माध्यम के रूप में चुना है उन्हें 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग की गति से टाइप करना होगा । 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट (डब्ल्यूपीएम) क्रमशः 10500 कुंजी प्रति घंटा/9000 कुंजी प्रति घंटे (केडीपीएच) के अनुरूप हैं ।

8. एक उम्मीदवार जो शारीरिक विकलांगता की वजह से टाइपराइटिंग टेस्ट लेने के लिए स्थायी रूप से अयोग्य होने का दावा करता हो, ऐसे उम्मीदवार को सीएसआईआर-सीआरआरआई के सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के साथ, परीक्षा में उपस्थित होने एवं योग्यता प्राप्त करने से छूट दी जा सकती है यदि उसने सीआरआरआई को निर्धारित प्रोफॉर्मा में सक्षम मेडिकल प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित टाइपराइटिंग टेस्ट के लिए उसकी शारीरिक विकलांगता के लिए स्थायी रूप से अयोग्यता प्रमाणपत्र के साथ, निदेशक सीआरआरआई से टाइपराइटिंग टेस्ट से छूट के लिए प्रार्थना-पत्र (**परिशिष्ट -1)** को संलग्न प्रारूप में भेज दिया हो।

9. यदि कोई अभ्यर्थी जो पीएच व्यक्तियों या पीएच व्यक्तियों के लिए विशेष रोजगार एक्सचेंज से जुड़ी मेडिकल बोर्ड अथवा व्यावसायिक पुनर्विकास केंद्र(वीआरसी) से जुड़े मेडिकल बोर्ड से मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करता है, तो **टाइपराइटिंग टेस्ट से छूट के लिए उनका किया गया दावा स्वीकार किया जायेगा ।** अगर वह सिविल/आर्थोपेडिक सर्जन से मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करता है तो उसका मामला सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड अथवा वीआरसी /विशेष रोजगार एक्सचेंज से जुड़े मेडिकल बोर्ड से पीएच व्यक्तियों को क्लीयरेंस के लिए भेजा जाएगा और और उनकी उम्मीदवारी निश्चित रूप से अनंतिम होगी तथा भर्ती के किसी भी स्तर पर या चयन के बाद भी रद्द की जा सकती है ।

10. मेडिकल आधार पर टाइपिंग टेस्ट से छूट पाने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अनुरोध (**परिशिष्ट-1** के प्रारूप) के साथ उनके उचित मेडिकल सर्टिफिकेट **14 जुलाई 2017 तक या उससे पहले** सीएसआईआर-सीआरआरआई तक पहुंच जाना चाहिए, अन्यथा सीएसआईआर-सीआरआरआई के द्वारा उनके टाइपिंग टेस्ट से छूट प्राप्त करने के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें टाइपिंग टेस्ट में उपस्थित और उत्तीर्ण होना होगा । इस संबंध में सीएसआईआर-सीआरआरआई किसी भी कारण से निर्धारित तारीख के बाद ,इस संबंध में , प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं करेगा (जैसे कि लिफाफे गलत पते पर संबोधित किए गए, कहीं और डाक पहुँचना, डाक विलंब आदि)।

11. यह दोहराया जाता है कि यह तथ्य कि कुछ आवेदनों को **उचित माध्यम से** प्राप्त किया गया है या नहीं, अभी तक सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा उन्हें इस समय तक सत्यापित नहीं किया गया है, इसलिए ऐसे सभी योग्य उम्मीदवार जो सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में काम कर रहे हैं उन्हें टाइपिंग टेस्ट के लिए उपस्थित होने की **अनंतिम** अनुमति दी जा रही है, इस शर्त के मुताबिक कि उनके आवेदन को उचित माध्यम के जरिए अग्रेषित किया जाना चाहिए था , जिसके परिणामस्वरूप अंतिम परिणाम के घोषित होने से पूर्व इस कार्यालय द्वारा सत्यापित किया जाएगा । यदि यह किसी भी बाद के स्तर पर, चयन के बाद भी पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार का आवेदन , विज्ञापन दिनांक 07/09/15 मे दिये गए निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर , उचित माध्यम से, इस कार्यालय द्वारा प्राप्त नहीं किया गया था, तो इस तरह के उम्मीदवार का आवेदन इस पद के लिए अयोग्य माना जाएगा । इसके अलावा, सभी पात्र उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और उन सभी दस्तावेजों/सूचनाओं (जो कि ऊमीद्वार ने इस कार्यालय को अपने आवेदन के साथ दिये थे) के मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणिकता के सत्यापन के अधीन है ।

वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक